37.	प्रबन्ध कमेटी निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रबन्ध कमेटी के किसी भी सदस्य को हटा सकती है यदि वह :- 1) समिति का हिस्सेदार न रहे, या 2) दीवालिएपन के लिए प्रार्थना पत्र दे दिया हो या दीवालिया घोषित कर दिया गया हो, या 3) कभी भी किसी ऐसे अपराध में दण्डित हुआ हो जिस में उस पर बेईमानी या अनैतिकता का दोष लगा हो, या 4) संस्था के किसी लाभ के पद पर आसीन हो या कोई एवजाना ले रहा हो, या 5) त्याग पत्र दे दे तथा उसका त्याग पत्र प्रबंध कमेटी स्वीकार कर ले, या 6) प्रबंध कमेटी की निरन्तर तीन बैठकों में पूर्व अनुमति के बिना अनुपस्थित रहा हो, या 7) संस्था को देय राशि का भुगतान निश्चित तिथि से 6 मास से अधिक समय तक न करे, या 8) संस्था या वित्त बैंक का वैतनिक कर्मचारी हो, या	प्रबन्ध कमेटी निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रबन्ध कमेटी के किसी भी सदस्य को हटा सकती है यदि वह :- 1) समिति का हिस्सेदार न रहे, या 2) दीवालिएपन के लिए प्रार्थना पत्र दे दिया हो या दीवालिया घोषित कर दिया गया हो, या 3) कभी भी किसी ऐसे अपराध में दण्डित हुआ हो जिस में उस पर बेईमानी या अनैतिकता का दोष लगा हो, या 4) संस्था के किसी लाभ के पद पर आसीन हो या कोई एवजाना ले रहा हो, या 5) त्याग पत्र दे दे तथा उसका त्याग पत्र प्रबंध कमेटी स्वीकार कर ले, या 6) प्रबंध कमेटी की निरन्तर तीन बैठकों में पूर्व अनुमति के बिना अनुपस्थित रहा हो, या 7) संस्था को देय राशि का भुगतान निश्चित तिथि से 6 मास से अधिक समय तक न करे, या 8) संस्था या वित्त बैंक का वैतनिक कर्मचारी हो, या

40.	प्रबंध कमेटी आम सभा के लिए रक्षित अधिकारों और कर्त्तव्यों के अतिरिक्त सभी अधिकार व कर्त्तव्य करेगी । प्रबंध कमेटी के विशेषत: नीचे लिखे अधिकार तथा कर्त्तव्य होगें :- 1) लाभ-हानि खाता और तुलनापत्र (बैलेंसशीट) तैयार करना और इसे वार्षिक आम बैठक में पेश करना । 2) हिसाब-किताब की जांच पड़ताल करना, आकस्मिक खर्चे की मन्जूरी देना तथा नियम रजिस्टरों की देखभाल करना । 3) निरीक्षण टिप्पणियों तथा लेखा टिप्पणियों पर विचार-विमर्श करना तथा आवश्यक कार्यवाही करना । 4) उप-नियमों के अनुसार प्रबंधक को आम बैठक बुलाने के लिए निर्देश देना । 5) आम बैठक या रजिस्ट्रार द्वारा लगाई पाबन्दियों के अनुसार ऋण व्यवस्था करना और सदस्यों को अधिकत्तम ऋण सीमा की स्वीकृति देना । 6) समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन कर्मचारियों की नियुक्ति करना, निलम्बित करना, पदच्युत करना या दंड देना (केन्द्रीय सहकारी बैंक या हैफड द्वारा कोगन कैडर के अधीन नियुक्त किये गये कर्मचारियों के अतिरिक्त) और उन से समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निश्चित की गई उचित प्रतिभूतियां लेना । 7) इस बात की देखभाल करना कि ऋणों का प्रयोग उन्हीं स्वीकृत उद्देश्यों हेतु हुआ है जिनके लिये ऋण जारी किये गये थे । 8) किसी कमेटी सदस्य का त्यागपत्र स्वीकार करना या अस्वीकार करना तथा स्वीकृति की अवस्था में उसके स्थान पर आम सभा द्वारा सदस्य चुने जाने तक	प्रबंध कमेटी आम सभा के लिए रक्षित अधिकारों और कर्त्तव्यों के अतिरिक्त सभी अधिकार व कर्त्तव्य करेगी । प्रबंध कमेटी के विशेषत: नीचे लिखे अधिकार तथा कर्त्तव्य होगें :- 1) लाभ-हानि खाता और तुलनापत्र (बैलेंसशीट) तैयार करना और इसे वार्षिक आम बैठक में पेश करना । 2) हिसाब-किताब की जांच पड़ताल करना, आकस्मिक खर्चे की मन्जूरी देना तथा नियम रजिस्टरों की देखभाल करना । 3) निरीक्षण टिप्पणियों तथा लेखा टिप्पणियों पर विचार-विमर्श करना तथा आवश्यक कार्यवाही करना । 4) उप-नियमों के अनुसार प्रबंधक को आम बैठक बुलाने के लिए निर्देश देना । 5) आम बैठक या रजिस्ट्रार द्वारा लगाई पाबन्दियों के अनुसार ऋण व्यवस्था करना और सदस्यों को अधिकत्तम ऋण सीमा की स्वीकृति देना । 6) समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन कर्मचारियों की नियुक्ति करना, निलम्बित करना, पदच्युत करना या दंड देना (केन्द्रीय सहकारी बैंक या हैफड द्वारा कोगन कैडर के अधीन नियुक्त किये गये कर्मचारियों के अतिरिक्त) और उन से समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निश्चित की गई उचित प्रतिभूतियां लेना । 7) इस बात की देखभाल करना कि ऋणों का प्रयोग उन्हीं स्वीकृत उद्देश्यों हेतु हुआ है जिनके लिये ऋण जारी किये गये थे । 8) किसी कमेटी सदस्य का त्यागपत्र स्वीकार करना या अस्वीकार करना तथा स्वीकृति की अवस्था में उसके स्थान पर आम सभा द्वारा सदस्य चुने जाने तक

	कोई और सदस्य कमेटी में स्थानापत्र करना	कोई और सदस्य कमेटी में स्थानापत्र करना
	9) समिति के अतिरिक्त कोष को अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार व्यवहार में लाना	9) समिति के अतिरिक्त कोष को अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार व्यवहार में लाना
	10) यदि कोई शिकायत हो तो उसको सुनना तथा उस पर कार्यवाही करना ।	10) यदि कोई शिकायत हो तो उसको सुनना तथा उस पर कार्यवाही करना ।
	11) कानूनी कार्यवाही का आचरण करना उसकी पैरवी करना तथा समझौता करना ।	11) कानूनी कार्यवाही का आचरण करना उसकी पैरवी करना तथा समझौता करना ।
	12) किसी सदस्य को किसी ऐसे विषय पर मत देने से रोकना जिसमें उसकी निजी रूचि हो ।	12) किसी सदस्य को किसी ऐसे विषय पर मत देने से रोकना जिसमें उसकी निजी रूचि हो ।
	13) समिति के व्यापार के लिए स्वंय नियम बनाना या समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निर्देशित नियमों को अपनाना	13) समिति के व्यापार के लिए स्वंय नियम बनाना या समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निर्देशित नियमों को अपनाना
	14) समिति का वार्षिक कार्यक्रम व बजट तैयार करना और उसको आवश्यक कार्यरूप देना ।	14) समिति का वार्षिक कार्यक्रम व बजट तैयार करना और उसको आवश्यक कार्यरूप देना ।
	15) रजिस्ट्रार का केन्द्रीय/शिखर बैंक द्वारा समय-समय पर दिये गये आदेशों अनुसार ऋणों की स्वीकृति देना ।	15) रजिस्ट्रार का केन्द्रीय/शिखर बैंक द्वारा समय-समय पर दिये गये आदेशों अनुसार ऋणों की स्वीकृति देना ।
	16) कल्याणकारी गतिविधियों के लिए खर्च का अनुमोदन करना बशर्ते की समिति के अपने लाभ में से इस उद्देश्य के लिये कोष बनाया हुआ है ।	16) कल्याणकारी गतिविधियों के लिए खर्च का अनुमोदन करना बशर्ते की समिति के अपने लाभ में से इस उद्देश्य के लिये कोष बनाया हुआ है ।
	17) साधारणत: समिति का व्यापार नियमित रूप से जारी रखना व	17) साधारणत: समिति का व्यापार नियमित रूप से जारी रखना व
	18) उप-नियमों में संशोधन करना और सदस्यों को निकालना ।	18) उप-नियमों में संशोधन करना और सदस्यों को निकालना ।
	19) समिति द्वारा की गई बिक्री का परिवेक्षण (सुपरविजन) करना	19) समिति द्वारा की गई बिक्री का परिवेक्षण (सुपरविजन) करना

41.	प्रबंध कमेटी द्वारा या उसकी ओर से किये गये सभी प्रकार के लेन-देन में कमेटी निश्चित अधिनियम नियमों और उप-नियमों की पालना करेगी ।	प्रबंध कमेटी द्वारा या उसकी ओर से किये गये सभी प्रकार के लेन-देन में कमेटी निश्चित अधिनियम नियमों और उप-नियमों की पालना करेगी ।
42.	प्रबंध कमेटी को अधिकार होगा कि वह समिति का व्यापार फैलाने के लिए हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 की धारा 9A के अंतर्गत आवश्यकतानुसार उप-नियम बना ले ।	प्रबंध कमेटी को अधिकार होगा कि वह समिति का व्यापार फैलाने के लिए हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 की धारा 9A के अंतर्गत आवश्यकतानुसार उप-नियम बना ले ।
43.	प्रबंध कमेटी समिति के कार्य को विभिन्न खंडों में विभाजित कर सकती है जैसे कि : ऋण, उपभोक्ता, कृषि यंत्र, दुग्ध इत्यादि और इनमें से प्रत्येक भाग की देखभाल के लिये प्रबंध कमेटी के सदस्यों में से एक उप-समिति बनाई जा सकती है । जिसके सदस्यों की संख्या पांच से अधिक नहीं होगी ।	प्रबंध कमेटी समिति के कार्य को विभिन्न खंडों में विभाजित कर सकती है जैसे कि : ऋण, उपभोक्ता, कृषि यंत्र, दुग्ध इत्यादि और इनमें से प्रत्येक भाग की देखभाल के लिये प्रबंध कमेटी के सदस्यों में से एक उप-समिति बनाई जा सकती है । जिसके सदस्यों की संख्या पांच से अधिक नहीं होगी ।
44.	प्रबंध कमेटी अपने सदस्यों में से उप-समितियों, जिनकी सदस्यों की संख्या पांच से अधिक नहीं होगी, बना सकती है और इन उप समितियों को अपने कुछ अधिकार और कर्त्तव्य सौंप सकती है ।	प्रबंध कमेटी अपने सदस्यों में से उप-समितियों, जिनकी सदस्यों की संख्या पांच से अधिक नहीं होगी, बना सकती है और इन उप समितियों को अपने कुछ अधिकार और कर्त्तव्य सौंप सकती है ।
45.	समिति का कामकाज चलाने में प्रबंध कमेटी के सदस्य आम व्यापारी पुरूषों की तरह ही परिश्रमी तथा दूर-दृष्टि के साथ काम करेंगे तथा वे उस घाटे के लिए उत्तरदायी होंगे जो अधिनियमों, नियमों व उप-नियमों तथा निश्चित उद्देश्यों के विरूद्ध चलने से हुये हों ।	समिति का कामकाज चलाने में प्रबंध कमेटी के सदस्य आम व्यापारी पुरूषों की तरह ही परिश्रमी तथा दूर-दृष्टि के साथ काम करेंगे तथा वे उस घाटे के लिए उत्तरदायी होंगे जो अधिनियमों, नियमों व उप-नियमों तथा निश्चित उद्देश्यों के विरूद्ध चलने से हुये हों ।
46.	समस्त कार्य जिन पर प्रबंध कमेटी में बहस हो या निर्णय लिया गया हो वे कार्यवाही पुस्तक में दर्ज होंगे और उस कार्यवाही पर सभा के प्रधान तथा सभी उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर होंगें ।	समस्त कार्य जिन पर प्रबंध कमेटी में बहस हो या निर्णय लिया गया हो वे कार्यवाही पुस्तक में दर्ज होंगे और उस कार्यवाही पर सभा के प्रधान तथा सभी उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षर होंगें ।
47.	प्रबंध कमेटी के सदस्यों की सेवाएं अवैतनिक होंगी परन्तु उनको यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता जो कि प्रबंध कमेटी द्वारा निश्चित और रजिस्ट्रार द्वारा स्वीकृत हो, दिया जा सकता है ।	प्रबंध कमेटी के सदस्यों की सेवाएं अवैतनिक होंगी परन्तु उनको यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता जो कि प्रबंध कमेटी द्वारा निश्चित और रजिस्ट्रार द्वारा स्वीकृत हो, दिया जा सकता है ।
48.	क) कोई भी व्यक्ति प्रबंध कमेटी द्वारा तब तक नौकरी पर नियुक्त नहीं किया जा सकता जब तक कि वह पद रजिस्ट्रार द्वारा स्वीकृत न हो तथा वह रजिस्ट्रार द्वारा समिति के कर्मचारियों के लिए बनाये गये सेवा नियमों में निर्धारित योग्यताओं को पूरा न करें ।	क) कोई भी व्यक्ति प्रबंध कमेटी द्वारा तब तक नौकरी पर नियुक्त नहीं किया जा सकता जब तक कि वह पद रजिस्ट्रार द्वारा स्वीकृत न हो तथा वह रजिस्ट्रार द्वारा समिति के कर्मचारियों के लिए बनाये गये सेवा नियमों में निर्धारित योग्यताओं को पूरा न करें ।

	ख) समिति किसी भी व्यक्ति को तब तक नौकरी पर नियुक्त नहीं कर सकती जब तक कि वह रजिस्ट्रार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर से उस से प्रति-भूतियां न ले लें ।	ख) समिति किसी भी व्यक्ति को तब तक नौकरी पर नियुक्त नहीं कर सकती जब तक कि वह रजिस्ट्रार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दर से उस से प्रति-भूतियां न ले लें ।
49.	नियम 48 क व ख के उल्लंघन स्वरूप की गई नियुक्ति प्रारम्भत: व्यर्थ (VOID AB INITIO) समझी जाएगी जिसके परिणामों के लिये प्रबंध कमेटी उत्तरदायी होगी ।	नियम 48 क व ख के उल्लंघन स्वरूप की गई नियुक्ति प्रारम्भत: व्यर्थ (VOID AB INITIO) समझी जाएगी जिसके परिणामों के लिये प्रबंध कमेटी उत्तरदायी होगी ।
50.	उप-समितियां क) प्रबंध कमेटी निम्नलिखित उपसमितियों में से किसी का अथवा सब का आवश्यकतानुसार गठन करेगी ताकि सौंपी जाने वाली गतिविधियों को व हाथ में ले सकें :- 1. ऋण उपसमिति 2. उपभोक्ता उपसमिति 3. कृषि आवश्यकताओं सम्बंधी उपसमिति 4. पशु पालन उपसमिति 5. ग्रामीण उद्योग उपसमिति 6. बाल महिला व वृद्ध कल्याण उपसमिति 7. नवयुवक कल्याण समिति 8. विपणन एवं खरीद उपसमिति 9. कोई अन्य उपसमिति जिसके निर्देश रजिस्ट्रार सहकारी समितियों द्वारा दिये गये हो अथवा समिति के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक हों । ख) इस प्रकार संगठित उप समितियों में अधिकत्तम पांच व्यक्ति सम्मिलित होंगें इनमें से दो प्रबंध कमेटी के सदस्यों में से लिये जायेगें और शेष तीन प्रबंध कमेटी द्वारा	उप-समितियां क) प्रबंध कमेटी निम्नलिखित उपसमितियों में से किसी का अथवा सब का आवश्यकतानुसार गठन करेगी ताकि सौंपी जाने वाली गतिविधियों को व हाथ में ले सकें :- 1. ऋण उपसमिति 2. उपभोक्ता उपसमिति 3. कृषि आवश्यकताओं सम्बंधी उपसमिति 4. पशु पालन उपसमिति 5. ग्रामीण उद्योग उपसमिति 6. बाल महिला व वृद्ध कल्याण उपसमिति 7. नवयुवक कल्याण समिति 8. विपणन एवं खरीद उपसमिति 9. कोई अन्य उपसमिति जिसके निर्देश रजिस्ट्रार सहकारी समितियों द्वारा दिये गये हो अथवा समिति के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक हों । ख) इस प्रकार संगठित उप समितियों में अधिकत्तम पांच व्यक्ति सम्मिलित होंगें इनमें से दो प्रबंध कमेटी के सदस्यों में से लिये जायेगें और शेष तीन प्रबंध कमेटी द्वारा

	उन समितियों के सदस्य में से नियोजित होंगें, जो उन सेंवाओं का, जिस हेतु उप समिति गठित की गई हो, लाभ उठा रहे हों । उप-समिति अपने सदस्यों में से एक अध्यक्ष निर्वाचित करेगी जो कि इसकी बैठकों की अध्यक्षता करेगा । ग) समिति का प्रबंधक अथवा उसके द्वारा इस उद्देश्य के लिए नामजद कोई भी अन्य कर्मचारी उप-समिति का पदेन सचिव होगा । घ) इस प्रकार संगठित की गई उप-समिति दो मास में कम से कम एक बार अवश्य अथवा समिति के कार्य को चलाने के लिए आवश्यकतानुसार अधिक बार भी बैठक कर सकती है । ण) उप-समिति उस कार्य व्यापार को जिसके लिये यह गठित की जाए सुचारू रूप से चलाने के लिए उत्तरदायी होगी और ऐसे कर्त्तव्य निभाएगी तथा शक्तियो का प्रयोग करेगी जो कि समय समय पर प्रबंधक कमेटी द्वारा उसे सौंपी गई हो । च) सौंपे गये कार्य को चलाने के लिए उप-समिति के सदस्य एक साधारण व्यापारी पुरूष की बुद्धिमता तथा कर्मठता का प्रयोग करेंगें और अधिनियम, नियम, उप नियम और समिति द्वारा निर्धारित उद्देश्यों के विरूद्ध किए गए कार्यों के फलस्वरूप होने वाली हानि के लिए उत्तरदायी होंगें ।	उन समितियों के सदस्य में से नियोजित होंगें, जो उन सेंवाओं का, जिस हेतु उप समिति गठित की गई हो, लाभ उठा रहे हों । उप-समिति अपने सदस्यों में से एक अध्यक्ष निर्वाचित करेगी जो कि इसकी बैठकों की अध्यक्षता करेगा । ग) समिति का प्रबंधक अथवा उसके द्वारा इस उद्देश्य के लिए नामजद कोई भी अन्य कर्मचारी उप-समिति का पदेन सचिव होगा । घ) इस प्रकार संगठित की गई उप-समिति दो मास में कम से कम एक बार अवश्य अथवा समिति के कार्य को चलाने के लिए आवश्यकतानुसार अधिक बार भी बैठक कर सकती है । ण) उप-समिति उस कार्य व्यापार को जिसके लिये यह गठित की जाए सुचारू रूप से चलाने के लिए उत्तरदायी होगी और ऐसे कर्त्तव्य निभाएगी तथा शक्तियो का प्रयोग करेगी जो कि समय समय पर प्रबंधक कमेटी द्वारा उसे सौंपी गई हो । च) सौंपे गये कार्य को चलाने के लिए उप-समिति के सदस्य एक साधारण व्यापारी पुरूष की बुद्धिमता तथा कर्मठता का प्रयोग करेंगें और अधिनियम, नियम, उप नियम और समिति द्वारा निर्धारित उद्देश्यों के विरूद्ध किए गए कार्यों के फलस्वरूप होने वाली हानि के लिए उत्तरदायी होंगें ।
51.	**प्रबंधक** प्रबंधक की नियुक्ति प्रबंध समिति द्वारा की जाएगी । जब तक नियुक्ति नहीं की जाती है तब तक किसी सहकारी संस्था में से प्रबंधक प्रतिनियुक्ति पर होगा ।	**प्रबंधक** प्रबंधक की नियुक्ति प्रबंध समिति द्वारा की जाएगी । जब तक नियुक्ति नहीं की जाती है तब तक किसी सहकारी संस्था में से प्रबंधक प्रतिनियुक्ति पर होगा ।

52.	प्रबंधक के अधिकार तथा कर्त्तव्य निम्नलिखित होंगें :-	प्रबंधक के अधिकार तथा कर्त्तव्य निम्नलिखित होंगें :-
	क) समिति की सम्पतियों और जिम्मेंदारियों का ठीक ठीक हिसाब रखना ।	क) समिति की सम्पतियों और जिम्मेंदारियों का ठीक ठीक हिसाब रखना ।
	ख) सदस्यों के रजिस्टर को शुद्ध तथा तिथि पूर्ण रखना ।	ख) सदस्यों के रजिस्टर को शुद्ध तथा तिथि पूर्ण रखना ।
	ग) नए सदस्यों का चुनाव करना, नए हिस्से जारी करना और पुराने हिस्सों को हस्तांतरित करना ।	ग) नए सदस्यों का चुनाव करना, नए हिस्से जारी करना और पुराने हिस्सों को हस्तांतरित करना ।
	घ) हिस्सों की किस्तों तथा चिरकाल से वांछित किस्तों पर ब्याज की वसूली का प्रबंध करना ।	घ) हिस्सों की किस्तों तथा चिरकाल से वांछित किस्तों पर ब्याज की वसूली का प्रबंध करना ।
	ड़) किसी व्यक्ति को, जो संस्था के रजिस्ट्रों की जांच करने का अधिकारी हो, रजिस्टर देखने में सहायता देना ।	ड़) किसी व्यक्ति को, जो संस्था के रजिस्ट्रों की जांच करने का अधिकारी हो, रजिस्टर देखने में सहायता देना ।
	च) आय तथा व्यय की राशियों तथा समस्त क्रय तथा विक्रय हुये माल का शुद्ध हिसाब रखना ।	च) आय तथा व्यय की राशियों तथा समस्त क्रय तथा विक्रय हुये माल का शुद्ध हिसाब रखना ।
	छ) समिति की किताबों को सुरक्षित रखने का प्रबंध करना ।	छ) समिति की किताबों को सुरक्षित रखने का प्रबंध करना ।
	ज) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अन्त में लेन-देन, व्यापार तथा लाभ-हानि के हिसाब का ब्यौरा और पिछले वर्ष की आय-व्यय का विवरण तैयार करना ।	ज) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अन्त में लेन-देन, व्यापार तथा लाभ-हानि के हिसाब का ब्यौरा और पिछले वर्ष की आय-व्यय का विवरण तैयार करना ।
	झ) नियत खातों तथा रजिस्टरों को शुद्ध तथा तिथिपूर्ण करना ।	झ) नियत खातों तथा रजिस्टरों को शुद्ध तथा तिथिपूर्ण करना ।
	ण) समस्त रसीदों को वोचरों तथा दस्तावेजों को तैयार करना ।	ण) समस्त रसीदों को वोचरों तथा दस्तावेजों को तैयार करना ।
	त) समिति की ओर से हस्ताक्षर करना तथा पत्र व्यवहार करना ।	त) समिति की ओर से हस्ताक्षर करना तथा पत्र व्यवहार करना ।
	थ) प्रबंध कमेटी व उसकी उप समिति और आम सभा की बैठकें बुलाना और उस में उपस्थित होना ।	थ) प्रबंध कमेटी व उसकी उप समिति और आम सभा की बैठकें बुलाना और उस में उपस्थित होना ।
	द) ऐसी बैठकों की कार्यवाही लिखना और उस पर ठीक ढंग से हस्ताक्षर करवाना	द) ऐसी बैठकों की कार्यवाही लिखना और उस पर ठीक ढंग से हस्ताक्षर करवाना
	ध) कार्यालय के कर्मचारियों के कार्य का निरीक्षण करना ।	ध) कार्यालय के कर्मचारियों के कार्य का निरीक्षण करना ।
	न) समिति की लेन योग्य राशि वसूल करना ।	न) समिति की लेन योग्य राशि वसूल करना ।

57.	समिति की प्रबंध कमेटी, उन ऋणों के लिए जो समय पद न चुकाए गए हों, ब्याज की दंडात्मक (पीनल) दर निर्धारित कर सकती है ।	समिति की प्रबंध कमेटी, उन ऋणों के लिए जो समय पद न चुकाए गए हों, ब्याज की दंडात्मक (पीनल) दर निर्धारित कर सकती है ।
58.	**रजिस्टर** समिति में निम्नलिखित रजिस्टर तथा किताबें रखी जायेंगी :- 1. सदस्यों का रजिस्टर 2. रोकड़ बही 3. प्रत्येक व्यक्ति, अमानतदार, साहूकार तथा आकस्मिक आय-व्यय और किसी वस्तु के क्रय-विक्रय का खाता 4. किश्त बन्दी रजिस्टर 5. कार्यवाही पुस्तक 6. हिस्सों का रजिस्टर 7. जामिनों का रजिस्टर 8. स्टाक रजिस्टर 9. दोहरी प्रति सहित कैश मीमो 10. हिसाब की तसदीक का रजिस्टर 11. सालसी रजिस्टर 12. ऐसे रजिस्टर, जो रजिस्ट्रार नियत करें या जो समिति के कार्य व्यवहार के लिए आवश्यक हो ।	**रजिस्टर** समिति में निम्नलिखित रजिस्टर तथा किताबें रखी जायेंगी :- 1. सदस्यों का रजिस्टर 2. रोकड़ बही 3. प्रत्येक व्यक्ति, अमानतदार, साहूकार तथा आकस्मिक आय-व्यय और किसी वस्तु के क्रय-विक्रय का खाता 4. किश्त बन्दी रजिस्टर 5. कार्यवाही पुस्तक 6. हिस्सों का रजिस्टर 7. जामिनों का रजिस्टर 8. स्टाक रजिस्टर 9. दोहरी प्रति सहित कैश मीमो 10. हिसाब की तसदीक का रजिस्टर 11. सालसी रजिस्टर 12. ऐसे रजिस्टर, जो रजिस्ट्रार नियत करें या जो समिति के कार्य व्यवहार के लिए आवश्यक हो ।
59.	समिति कि किताबों का निरीक्षण करने का अधिकार समिति के सदस्यों को होगा परन्तु किसी व्यक्ति की अमानत का लेखा, उस व्यक्ति की लिखित आज्ञा के बिना नहीं देखा जा सकेगा ।	समिति कि किताबों का निरीक्षण करने का अधिकार समिति के सदस्यों को होगा परन्तु किसी व्यक्ति की अमानत का लेखा, उस व्यक्ति की लिखित आज्ञा के बिना नहीं देखा जा सकेगा ।
60.	उप नियमों तथा बैलेन्स शीट की प्रतियां, किसी सदस्य के मांगने पर समिति को समिति द्वारा निर्धारित फीस (शुल्क) देने पर प्रदान करनी होंगी ।	उप नियमों तथा बैलेन्स शीट की प्रतियां, किसी सदस्य के मांगने पर समिति को समिति द्वारा निर्धारित फीस (शुल्क) देने पर प्रदान करनी होंगी ।

61.	**लाभ का वितरण** समिति के शुद्ध लाभ में से निम्नलिखित कोष स्थापित किए जायेंगें :- 1. आरक्षण कोष कम से कम 10 प्रतिशत की दर से 2. भवन कोष 3. शकिया कर्जा-जात कोष कम से कम 10 प्रतिशत की दर से 4. लाभांश, समीकरण कोष 5. शिक्षा कोष 6. ऐसे दूसरे कोष जो रजिस्ट्रार या केन्द्रीय/शिखर बैंक समय-समय पर निश्चित करें ।	**लाभ का वितरण** समिति के शुद्ध लाभ में से निम्नलिखित कोष स्थापित किए जायेंगें :- 1. आरक्षण कोष कम से कम 10 प्रतिशत की दर से 2. भवन कोष 3. शकिया कर्जा-जात कोष कम से कम 10 प्रतिशत की दर से 4. लाभांश, समीकरण कोष 5. शिक्षा कोष 6. हटा दिया जाए ।
62.	भिन्न-2 कोषों में विभाजित करने के पश्चात बची शुद्ध लाभ की राशि वह भाग, जो समिति की प्रबंध कमेटी उचित समझे, अधिनियम व उसके अधीन बनाए गए नियमों व रजिस्ट्रार से समय-समय पर जारी की गई हिदायतों के अतंर्गत, समिति के सदस्यों में बांटा जा सकता है ।	भिन्न-2 कोषों में विभाजित करने के पश्चात बची शुद्ध लाभ की राशि वह भाग, जो समिति की प्रबंध कमेटी उचित समझे, अधिनियम व उसके अधीन बनाए गए नियमों व रजिस्ट्रार से समय-समय पर जारी की गई हिदायतों के अतंर्गत, समिति के सदस्यों में बांटा जा सकता है ।
63.	प्रबंध कमेटी को ऐसे मामलों पर खर्चा करने का अधिकार होगा जो सहकारी सिद्धान्तों और व्यवहार का ज्ञान देने में लाभाकारी सिद्ध हो । इस उद्देश्य के लिये समिति हर वर्ष रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित की गई दर पर अंकित राशि को हरियाणा राज्य सहकारी विकास फैडरेशन में जमा कराएगी ।	प्रबंध कमेटी को ऐसे मामलों पर खर्चा करने का अधिकार होगा जो सहकारी सिद्धान्तों और व्यवहार का ज्ञान देने में लाभाकारी सिद्ध हो । इस उद्देश्य के लिये समिति हर वर्ष रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित की गई दर पर अंकित राशि को हरियाणा राज्य सहकारी विकास फैडरेशन में जमा कराएगी ।
64.	विविध आरक्षित कोष अविभाजित होगा और इसे केन्द्रीय सहकारी बैंक में सावधि जमा (Fixed Deposit) के तौर पर जमा रखा जाएगा । कोई सदस्य इसमें से कोई विशेष हिस्सा मांगने का अधिकारी नहीं होगा परन्तु विशेष अवस्थाओं में रजिस्ट्रार की पूर्व स्वीकृति	विविध आरक्षित कोष अविभाजित होगा और इसे केन्द्रीय सहकारी बैंक में सावधि जमा (Fixed Deposit) के तौर पर जमा रखा जाएगा । कोई सदस्य इसमें से कोई विशेष हिस्सा मांगने का अधिकारी नहीं होगा परन्तु विशेष अवस्थाओं में समिति की आमसभा व

	से, यह कोष घाटों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है ।	सम्बंधित समिति की प्रबन्धक कमेटी से यह कोष घाटों को पूरा करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है ।
65.	इन उपनियमों में संशोधन केवल ऐसे प्रस्ताव के अनुसार हो किया जायेगा जो आमसभा की उस बैठक में स्वीकृत हुआ हो, जिसको बुलाने के लिये इन संशोधनों पर बहस करने सम्बंधी नोटिस दिया हो, परन्तु ऐसा कोई प्रस्ताव तब तक प्रमाणित नहीं होगा जब तक कि यह उस सभा में बहुमत से पारित न हुआ हो जिसमें समिति के कम से कम दो तिहाई सदस्य उपस्थिति हों । अत: आदर्श उप-नियम या संशोधन जिन्हें रजिस्ट्रार ने पहले ही स्वीकृति दे दी हो आम सभा के साधारण कोरम के बहुमत से अंगीकार किये जा सकते हैं ।	इन उपनियमों में संशोधन केवल ऐसे प्रस्ताव के अनुसार हो किया जायेगा जो आमसभा की उस बैठक में स्वीकृत हुआ हो, जिसको बुलाने के लिये इन संशोधनों पर बहस करने सम्बंधी नोटिस दिया हो, परन्तु ऐसा कोई प्रस्ताव तब तक प्रमाणित नहीं होगा जब तक कि यह उस सभा में बहुमत से पारित न हुआ हो जिसमें समिति के कम से कम दो तिहाई सदस्य उपस्थिति हों । अत: आदर्श उप-नियम या संशोधन जिन्हें रजिस्ट्रार ने पहले ही स्वीकृति दे दी हो आम सभा के साधारण कोरम के बहुमत से अंगीकार किये जा सकते हैं ।
66.	समिति ऐसी आडिट फीस देगी जो समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित की गई हो ।	यदि समिति का आडिट सहकारी विभाग के आडिटर द्वारा किया जाता है तो समिति ऐसी आडिट फीस देगी जो समय-समय पर रजिस्ट्रार द्वारा निर्धारित की गई हो ।
67.	यदि समिति केन्द्रीय सहकारी बैंक या वित्तीय संस्था की ऋणी हो उस बैंक या संस्था के प्रतिनिधि को समिति की किताबों और रिकार्ड के निरीक्षण का अधिकार होगा और समिति का प्रबंधक ऐसे प्रतिनिधियों के सामने किताबें और रिकार्ड प्रस्तुत करने का प्रबंध करेगा ।	यदि समिति केन्द्रीय सहकारी बैंक या वित्तीय संस्था की ऋणी हो उस बैंक या संस्था के प्रतिनिधि को समिति की किताबों और रिकार्ड के निरीक्षण का अधिकार होगा और समिति का प्रबंधक ऐसे प्रतिनिधियों के सामने किताबें और रिकार्ड प्रस्तुत करने का प्रबंध करेगा ।
68.	समिति या इसको प्रबंध कमेटी द्वारा किसी अवैतनिक कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने से उत्पन्न हुये विवादों के अतिरिक्त कोई ऐसा विवाद, जो समिति के संविधान व कारोबार से सम्बंध रखता हो और इसके सदस्यों, भूतपूर्व सदस्यों या दूसरे व्यक्तियों के बीच जिनका हवाला हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 व उसके अधीन बनाए गए नियमों में दिया गया हो, के बीच उत्पन्न हुआ हो उसका निपटारा अधिनियम तथा नियमों के अनुसार किया जायेगा ।	समिति या इसको प्रबंध कमेटी द्वारा किसी अवैतनिक कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करने से उत्पन्न हुये विवादों के अतिरिक्त कोई ऐसा विवाद, जो समिति के संविधान व कारोबार से सम्बंध रखता हो और इसके सदस्यों, भूतपूर्व सदस्यों या दूसरे व्यक्तियों के बीच जिनका हवाला हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 व उसके अधीन बनाए गए नियमों में दिया गया हो, के बीच उत्पन्न हुआ हो उसका निपटारा अधिनियम तथा नियमों के अनुसार किया जायेगा ।

68 क.	समिति की सम्पति संबंधी विवाद का निपटारा यदि दो या इससे अधिक समितियां समायोजित की जाती है, समिति की परिसम्पत्तियों के विभाजन/वितरण अथवा देयता/दायित्व पर किसी भी विवाद का निपटारा रजिस्ट्रार द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा । इस समिति द्वारा दिए गए निर्णय के विरूद्ध पीड़ित सहकारी समिति रजिस्ट्रार को इस निर्णय की तिथि की सूचना के 60 दिन के अन्दर अपील कर सकती है । इस सम्बंध में रजिस्ट्रार का निर्णय अन्तिम तथा सभी पक्षों को मान्य होगा ।	समिति की सम्पति संबंधी विवाद का निपटारा यदि दो या इससे अधिक समितियां समायोजित की जाती है, समिति की परिसम्पत्तियों के विभाजन/वितरण अथवा देयता/दायित्व पर किसी भी विवाद का निपटारा रजिस्ट्रार द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा । इस समिति द्वारा दिए गए निर्णय के विरूद्ध पीड़ित सहकारी समिति रजिस्ट्रार को इस निर्णय की तिथि की सूचना के 60 दिन के अन्दर अपील कर सकती है । इस सम्बंध में रजिस्ट्रार का निर्णय अन्तिम तथा सभी पक्षों को मान्य होगा ।
69	हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 के सम्बंधित उपबन्धों द्वारा निर्दिष्ट परिस्थितियों में अधिनियम व उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा निर्धारित क्रियावधि के अनुसार रजिस्ट्रार द्वारा समिति को समाप्त व रद्द किया जा सकता है ।	हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 के सम्बंधित उपबन्धों द्वारा निर्दिष्ट परिस्थितियों में अधिनियम व उसके अधीन बनाए गए नियमों द्वारा निर्धारित क्रियावधि के अनुसार रजिस्ट्रार द्वारा समिति को समाप्त व रद्द किया जा सकता है ।
70	इन उपनियमों में जब तक कि कोई बात संदर्भ के प्रतिकूल न हो तो यहां रजिस्ट्रार से तात्पर्य उस व्यक्ति से होगा जो हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 के अधीन रजिस्ट्रार के कार्यभार को सम्भालने के लिए नियुक्त किया गया हो और इसमें वह व्यक्ति भी सम्मिलित होगा जो रजिस्ट्रार को उसकी सभी शक्तियां या किसी शक्ति के प्रयोग के लिए सहायक के तौर पर नियुक्त किया गया हो ।	इन उपनियमों में जब तक कि कोई बात संदर्भ के प्रतिकूल न हो तो यहां रजिस्ट्रार से तात्पर्य उस व्यक्ति से होगा जो हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम 1984 के अधीन रजिस्ट्रार के कार्यभार को सम्भालने के लिए नियुक्त किया गया हो और इसमें वह व्यक्ति भी सम्मिलित होगा जो रजिस्ट्रार को उसकी सभी शक्तियां या किसी शक्ति के प्रयोग के लिए सहायक के तौर पर नियुक्त किया गया हो ।
71	यदि इन उप-नियमों में से किसी उप-नियम का भावार्थ समझने में कोई सन्देह पैदा हो जाये तो विवाद रजिस्ट्रार को सौंपा जायेगा जिसकी व्याख्या इस विवाद में अन्तिम होगी और सब पक्षों पर बाध्य होगी ।	यदि इन उप-नियमों में से किसी उप-नियम का भावार्थ समझने में कोई सन्देह पैदा हो जाये तो विवाद रजिस्ट्रार को सौंपा जायेगा जिसकी व्याख्या इस विवाद में अन्तिम होगी और सब पक्षों पर बाध्य होगी ।
72	इन उप-नियमों में अधिनियम, नियम व उप-नियम से तात्पर्य हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम, 1984 व इसके अधीन बनाये हरियाणा सहकारी समितियां नियम 1989 तथा समिति विशेष के उप-नियमों से समझा जाना चाहिये ।	इन उप-नियमों में अधिनियम, नियम व उप-नियम से तात्पर्य हरियाणा सहकारी समितियां अधिनियम, 1984 व इसके अधीन बनाये हरियाणा सहकारी समितियां नियम 1989 तथा समिति विशेष के उप-नियमों से समझा जाना चाहिये ।